एक नजर में

## शिविर में 350 लोगों ने किया रक्तदान




इंदौर. बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान एवं संस्था मानवता की पहचान की मेजबानी में शनिवार को खजराना गणेश मंदिर परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 350 लोगों ने सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक रक्तदान किया. शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल, सांसद शंकर लालवानी, फाउंडेशन की ट्रस्टी वंशिका-तपन अग्रवाल, संस्था मानवता की पहचान के अनुराग सचदेव, मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट, सतपाल भट्ट, जयदेव भट्ट एवं प्रबन्धक घनश्याम शुक्ला ने दीप प्रज्वलन कर किया. शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने इस वर्ष भी समाजसेवी विनोद अग्रवाल के जन्मोत्सव पर आज से 10 जून तक शहर के चार प्रमुख स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया है. इसका शुभारंभ शनिवार को सुबह खजराना गणेश मंदिर पर हुआ, जहाँ संस्था मानवता की पहचान के अनुराग सचदेव, पंकज परिहार, वैभव जैन, संस्था छवि पारमार्थिक ट्रस्ट के गोपाल गोयल, संदीप गोयल, फाउंडेशन की ओर से प्रवीण मिश्रा, राजू यादव, समाजसेवी बालकृष्ण छाबछरिया एवं छावनी स्थित चमेलीदेवी अग्रवाल डायग्नोस्टिक रेडक्रॉस सेंटर के डॉ. राधिका, मेडिकल स्टाफ एवं अन्य सहयोगी बन्धु भी उपस्थति थे. सुबह से शाम 7 बजे तक चले शिविर में 350 लोगों ने रक्तदान किया। यह रक्त जरूरतमंद मरीजों को चमेलीदेवी अग्रवाल रेडक्रॉस सेंटर के माध्यम से उपलब्ध हो सकेगा. खजराना गणेश मंदिर पर रविवार को भी सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित होगा।

## युवाओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



इंदौर. 34वां वार्षिक पर्यावरण चर्चा सप्ताह सनावादिया गांव स्थित जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट में विश्व पर्यावरण दिवस के प्रेरणादायक समारोह के साथ संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, पर्यावरणविदों और समुदाय के सदस्यों ने ग्रह की रक्षा और अगली पीढ़ी के लिए टिकाऊ भविष्य बनाने की अपनी साझा जिम्मेदारी पर विचार-विमर्श किया. विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों के समापन सत्र में इंटेलेक्ट हाइट्स एकेडमी स्कूल के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया..उन्होंने जलवायु कार्रवाई, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली पर चर्चाओं में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, इंदौर के कुलपति डॉ. योगेश गोस्वामी और सम्मानित अतिथि के रूप में रसायन विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान की प्रोफेसर डॉ. रंजना गोस्वामी शामिल हुईं. कार्यक्रम में डॉ. जनक पलटा मगिलिगन ने 30 मई से 5 जून, 2026 तक चली पर्यावरण चर्चाओं की रिपोर्ट पेश की. उन्होंने पूरे सप्ताह चली इन चर्चाओं के नतीजों, सामूहिक सीख और लिए गए संकल्पों को बड़े उत्साह के साथ साझा किया.

## कैंसर मरीजों को इलाज में मिलेगी सहायता



इंदौर. विशेष ज्यूपिटर हॉस्पिटल ने इंदौर में ज्यूपिटर कैंसर इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया. इंस्टीट्यूट का उद्घाटन संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने किया। कैंसर इंस्टीट्यूट का उद्देश्य उच्च-गुणवत्ता वाली ऑन्कोलॉजी सेवाओं को उन मरीजों के करीब लाना है, जिन्हें विशेष उपचार के लिए अक्सर दूरस्थ महानगरों पर निर्भर रहना पड़ता है. उद्घाटन अवसर पर डॉ. सुदाम खाड़े ने मध्य प्रदेश के मरीजों के करीब उन्नत, संगठित और अधिक किफायती ऑन्कोलॉजी सेवाएं लाने के प्रयास की सराहना की. उन्होंने कहा इंदौर और मध्य प्रदेश के मरीजों व परिवारों के लिए ज्यूपिटर कैंसर इंस्टीट्यूट दूरस्थ महानगरों पर निर्भरता कम करने और घर के नजदीक समय पर, समग्र और मानवीय कैंसर देखभाल तक पहुंच बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. ज्यूपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर व सीईओ डॉ. अंकित ठक्कर, ने कहा ज्यूपिटर कैंसर इंस्टीट्यूट में हमारा विजन सरल है इंदौर के किसी भी मरीज को कैंसर उपचार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े. ज्यूपिटर कैंसर बोर्ड एक अनूठी पहल है, जो पूरी ऑन्कोलॉजी टीम को एक मंच पर लाकर मरीज को स्पष्ट दिशा देती है. नो क्वेश्चन्स आस्क्ड वित्तीय सहायता कार्यक्रम के साथ हम इंदौर और मध्य भारत के मरीजों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली कैंसर देखभाल को अधिक सुलभ बना रहे हैं. वहनीयता नए इंस्टीट्यूट के सबसे महत्वपूर्ण फोकस क्षेत्रों में से एक है. ज्यूपिटर फाउंडेशन के माध्यम से ऐसे बीमा रहित कैंसर मरीज, जो उपचार की पूरी लागत वहन करने में असमर्थ हैं, स्वयं-घोषणा के आधार पर वित्तीय सहायता के पात्र होंगे.

## जीवनशैली में सुधार से लिवर की बीमारी कर सकते हैं नियंत्रित



इंदौर. बदलती जीवनशैली, मोटापा, मधुमेह, अत्यधिक शराब सेवन, वायरल हेपेटाइटिस और अनियमित खान-पान के कारण फैटी लिवर, सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि लिवर रोग अब एक साइलेंट किलर के रूप में उभर रहा है, क्योंकि शुरुआती चरण में इसके लक्षण अक्सर दिखाई नहीं देते. यह बात लिवर ट्रांसप्लांट एवं एचपीबी सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. युक्तांश पांडेय ने कही. वे एक जागरूकता कार्यक्रम में चर्चा कर रहे थे. कुछ वर्षों में हमने देखा है कि फैटी लिवर डिजीज अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रही. मध्य प्रदेश और आसपास के राज्यों में भी बड़ी संख्या में लोग नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज से प्रभावित हो रहे हैं. भारत में अनुमानत: हर तीन में से एक वयस्क किसी न किसी स्तर के फैटी लिवर से प्रभावित है।चिंताजनक बात यह है कि इनमें से कई मरीजों को अपनी बीमारी की जानकारी तब होती है जब लिवर में गंभीर क्षति हो चुकी होती है. समय पर जांच और जीवनशैली में सुधार से अधिकांश मामलों को नियंत्रित किया जा सकता है. डॉ. कलाधर एस., सीनियर कंसल्टेंट ने कहा समय पर विशेषज्ञ देखभाल मिलने से मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है. इस अवसर पर आनंद राठौर, इंदौर सर्किल इंचार्ज भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे.

## अलग-अलग स्थानों से युवक व युवती लापता

इंदौर. बाणगंगा और महू थाना क्षेत्रों में अपहरण के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं. महू में युवती को बहला फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज हुई है, वहीं बाणगंगा से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया. दोनों मामलों में पुलिस तलाश कर रही है. पहला मामला महू क्षेत्र के ग्राम भगोरा का है. फरियादी बहादुर निनामा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे उसकी बेटी मधु को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर या जबरदस्ती अपने साथ ले गया. घटना के बाद परिजन ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला.

# सिंहस्थ ड्यूटी के लिए पुलिस तैयार : भीड़ व ट्रैफिक मैनेजमेंट पर फोकस

- 6 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप का पहला चरण पूरा
- सिंहस्थ को लेकर पुलिस की ग्राउंड स्तरीय तैयारी शुरू

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सिंहस्थ-2028 को लेकर इंदौर पुलिस ने जमीनी स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं. शनिवार को 6 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर के पहले चरण का समापन किया गया. इसमें पुलिस बल को भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट और करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया.**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर डीआरपी लाइन इंदौर में 1 से 6 जून तक यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था. शनिवार को समापन अवसर पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा करते हुए सिंहस्थ के दौरान सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और आपदा प्रबंधन से जुड़ी जरूरी सावधानियों व कार्यप्रणाली की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि सिंहस्थ दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल है, जहां करोड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं. ऐसे में पुलिस बल का प्रशिक्षित और दक्ष होना बेहद जरूरी है.

विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा प्रशिक्षित

प्रशिक्षण में सिंहस्थ का इतिहास, अखाड़ा परंपरा, मेला क्षेत्र की संरचना, भीड़ मनोविज्ञान, ट्रैफिक प्लान, पार्किंग व डायवर्जन, आपदा प्रबंधन, महिला-बाल सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और वीआईपी सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जा रही है.



### चरणबद्ध तरीके से दिसंबर 2026 तक जारी रहेगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को सेवा-भाव, तनाव प्रबंधन, तुरंत निर्णय क्षमता, जनसंपर्क और आधुनिक तकनीक आधारित पुलिसिंग के पहलुओं से भी अवगत कराया गया. कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सीमा अलावा और रक्षित निरीक्षक दीपक कुमार पाटील सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने बताया कि यह प्रशिक्षण अभियान चरणबद्ध तरीके से दिसंबर 2026 तक जारी रहेगा. प्रत्येक बैच को 6 दिवसीय मॉड्यूल के तहत प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि सिंहस्थ-2028 के दौरान हर पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी प्रभावी ढंग से निभा सके.

# सीमांकन करने गई राजस्व टीम पर हमला

**इंदौर. गांधीनगर क्षेत्र में सीमांकन कार्य कर रही राजस्व टीम पर दो अज्ञात बाइक सवारों ने हमला कर दिया. आरोपियों ने मशीन गिराकर गाली-गलौज की और कर्मचारियों के साथ मारपीट की. इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए.**

घटना शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे सर्वे नंबर 1/376, टीसीएस चौराहे के आगे की है. राजस्व निरीक्षक नानबाई रावल अपनी टीम के साथ सीमांकन का कार्य कर रही थीं. इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचे और आते ही नापजोख की मशीन गिरा दी. आरोपियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर उन्होंने आरआई धर्मेंद्र शर्मा और पवन शर्मा के साथ हाथ-थप्पड़ से मारपीट की. साथ ही धमकी दी कि तुरंत यहां से चले जाओ, नहीं तो जान से मार देंगे. घटना के बाद आरआई नानबाई रावल की शिकायत पर गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि आरोपियों की तलाश में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.

## पर्यावरण की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व



इंदौर. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के शिव शक्ति सरोवर, नेमावर रोड में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

मुख्य अतिथि जस्टिस बी. डी. राठी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विश्व का ऐसा देश है जहां महिलाएं प्राचीन काल से ही प्रकृति संरक्षण की परंपरा का निर्वहन करती आ रही हैं. वट वृक्ष, पीपल और तुलसी जैसे पौधों की पूजा कर उनके संरक्षण का संदेश दिया जाता है. प्रकृति हमें भोजन, जल और जीवन की आवश्यक वस्तुएं नि:शुल्क प्रदान करती है, इसलिए उसकी रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है. विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर जी. डी. भिड़े ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है. इस भ्राता सागरमल भाई ने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार है. ब्रह्माकुमारी विका बहन ने सभी उपस्थितजनों को पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई. सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया. संचालन आशा बहन ने किया. ब्रह्माकुमारी रेवती बहन ने आभार माना.

## 7 जुआरियों को पकड़ा

इंदौर. पुलिस ने अलग-अलग दो स्थानों पर दबिश देकर जुआ खेलते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है. दोनों स्थानों से कुल 2850 रुपए नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं. आजादनगर पुलिस ने रिंग रोड और एमआईजी पुलिस ने मालवीय नगर में यह कार्रवाई की. पहली कार्रवाई आजादनगर थाना क्षेत्र में प्रआर प्रदीप कुमार पटेल की टीम ने देर रात रिंग रोड स्थित पवन ट्रैवल्स पार्किंग के पास की. यहां आरोपी ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे. पुलिस ने मौके से सोनू सोनकर, करणसिंह, विनोद, जगदीश और गब्बर को गिरफ्तार किया. आरोपियों के कब्जे से 1700 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए. दूसरी कार्रवाई एमआईजी थाने के प्रआर चंदरसिंह चौहान की टीम ने मालवीय नगर में की. यहां सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते शाहरुख और सूरज को पकड़ा. आरोपियों के पास से 1150 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए. इनके खिलाफ भी जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई.

## कलश यात्रा के साथ लक्ष्मी-नारायण विवाह का शुभारंभ

- कन्या दान में मिली राशि से करेंगे वनवासी बच्चों की मदद



इंदौर. वनबंधु परिषद, फ्रेंड्स ऑफ़ ट्रायबल सोसायटी (एफटीएस) महिला समिति इंदौर की मेजबानी में दो दिवसीय लक्ष्मीनारायण विवाह का शुभारंभ शनिवार सुबह बायपास स्थित भंडारी रिसोर्ट पर जगदगुरु रामानुजाचार्य अवन्तिका पीठ युवराज स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य के सानिध्य एवं वनबंधु परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश माहेश्वरी के विशेष आतिथ्य और वनबंधु परिषद महिला इकाई की अनेक राष्ट्रीय पदाधिकारियों की मौजूदगी एवं मार्गदर्शन में हुआ. विवाह में कन्यादान में प्राप्त राशि से वनवासी बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी.

परिषद की अध्यक्ष सीमा रणधर एवं सचिव मीना गर्ग ने बताया कि अवन्तिका रामानुजाचार्य युवराज स्वामी माधव प्रपन्नाचार्य महाराज के सानिध्य में कलश यात्रा के पश्चात गणेश पूजन में परिषद से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया। दोपहर में तेल, पीठी और हल्दी की रस्म तथा शाम को बत्तीसी, वीरा बधाई एवं मायरे की रस्म सम्पन्न हुई. इस मौके पर राष्ट्रीय महिला समिति की अध्यक्ष विनिता जाजू, संरक्षक गीता मूंदड़ा, वनबंधु परिषद की वेस्ट ज़ोन की चेयर पर्सन माधवी झंवर तथा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश माहेश्वरी के आतिथ्य में विभिन्न रस्में सम्पन्न हुई. उत्सव समिति की संयोजक विद्या मुछाल, उर्मिला सारडा, समता मूंदड़ा, ज्योति गर्ग, मुदिता झंवर, सुनिता जैन एवं शोभना जैन के अनुसार विवाह का मुख्य उत्सव 7 जून को सुबह 9 बजे ठाकुरजी की बारात एवं 11 बजे दिव्य विवाह उत्सव के साथ मनाया जाएगा.

# प्रत्येक नागरिक को प्रकृति संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी समझनी होगी

- एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधारोपण अभियान का आयोजन



**इंदौर. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, इंदौर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट द्वारा एक पेड़ माँ के नाम थीम पर पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जैव विविधता के संवर्धन को प्रोत्साहित करना तथा प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करना था.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदौर एयरपोर्ट के डिप्टी कमांडेंट ज़ीशान अमीर रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डॉ. योगेश सी. गोस्वामी ने की. इस अवसर पर डॉ. आनंद राजावत, रेक्टर एवं डीन अकादमिक्स, डॉ. प्रद्युम्न यादव, कुलसचिव तथा डॉ. प्रज्ञा जारोलिया, विभागाध्यक्ष, प्रबंधन विभाग विशेष रूप से उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि श्री अमीर ने कहा कि बढ़ती पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच प्रत्येक नागरिक को प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी. उन्होंने विद्यार्थियों से अधिकाधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया. कुलगुरु प्रो. गोस्वामी ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य ऐसे जागरूक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है, जो समाज एवंपर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए सतत विकास की दिशा में सक्रिय योगदान दें. अभिव्यक्त करती है. कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रंजना गोस्वामी, विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग, श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस थीं. कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. श्वेता अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने परिसर के विभिन्न स्थलों पर पौधारोपण किया.

## आजी आजोबा गोष्ट सांगा प्रतियोगिता का फायनल आज

**इंदौर. सानंद न्यास द्वारा आयोजित आजी आजोबा गोष्ट सांगा प्रतियोगिता का फायनल आज 7 जून को स्थानीय जाल सभागृह साउथ तुकोगंज, इंदौर में सायं 5 से होगा.**

सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि समाजसेवी श्री यशोवर्धन फाटक कार्यक्रम का शुभारंभ एवं पुरस्कार का वितरण करेंगे. स्पर्धा संयोजक सौ. रेणुका पिंगळे ने बताया कि दादा-दादी द्वारा संस्कारित करने वाली, व्यक्तिमत्व गढने वाली कहानियां सुनाने की परंपरा लुप्त हो रही थी। सानंद ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए इसी परंपरा को पूर्नजीवित करने के उद्देश्य से आजी-आजोबा गोष्ट सांगा प्रतियोगिता का क्षेत्रवार आयोजन किया. प्राथमिक फेरी में इंदौर सहित उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर,मंदसौर के 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया । सेमीफाइनल राउंड में 125 प्रतिभागियों में से 15 विजेता आज अपनी प्रस्तुति देंगे. 7 जून रविवार को स्थानीय जाल सभागृह में सायं. 5 बजे फायनल की प्रस्तुति देखने एवं सुनने के लिए सभी श्रोताओं को नि:शुल्क एवं खुला निमंत्रण दिया गया है.

# भक्ति और धर्म एक-दूसरे के पर्याय व पूरक



इंदौर. भक्ति और धर्म एक-दूसरे के पर्याय एवं पूरक हैं. वही भक्ति और सेवा सार्थक होगी जिसमें सबके कल्याण और भलाई का भाव होगा. मन, वचन और कर्म से जीव मात्र के प्रति करुणा, दया और स्नेह का मनोरथ ही हमें धर्म और नीति के रास्ते से मोक्ष की मंजिल तक पहुंचा सकता है. भागवत कथा एक कान से सुनकर दूसरे से निकालने के लिए नहीं, अपने अंदर बैठाने के लिए है.

भागवतभूषण आचार्य पं. आदित्य मुखिया ने शनिवार को श्री दशा नीमा पंचायत ट्रस्ट द्वारा नवश्रृंगारित धर्मशाला भवन पर ट्रस्ट के हीरक जयंती महोत्सव एवं पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण-सुदामा मैत्री प्रसंग की व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. कथा में शनिवार को चुनरी महोत्सव का विशेष मनोरथ भी मनाया गया और नौका विहार के प्रसंग ने भी भक्तों को आनंदित बनाए रखा. व्यास पीठ का पूजन दशा नीमा पंचायत के अध्यक्ष दिलीप नीमा, वल्लभ नीमा, विपिन नीमा, विजय कोटावाला, राजेश नीमा, आदि ने किया. आज समापन अवसर पर भागवतभूषण आचार्य पं. मुखिया का ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष सत्यनारायण नीमा, संयोजक सतीश नीमा मालक, मंत्री कमल नीमा, वरिष्ठ ट्रस्टी महेश नीमा गामा, सतीश नीमा आदि ने शॉल-श्रीफल भेंट कर शहर के वैष्णव एवं नीमा समाज की ओर से अभिनन्दन किया. ट्रस्ट के मंत्री कमल नीमा ने बताया कि समापन अवसर पर समाज में अनुकरणीय सेवा करने वाले नारायण सेठ एवं प्रह्लाद नीमा अलंकार को मरणोपरांत समाज की ओर से आचार्य पं. मुखिया के हाथों प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।दोनों परिवारों के सदस्यों ने यह सम्मान प्राप्त किया।



## आचार्य वैदिक महामनीषी अवॉर्ड से सम्मानित

इंदौर. मां भुवनेश्वरी ज्योतिष वास्तु एवं कर्मकांड शोध संस्थान के तत्वावधान में आयोजित दसवें दो दिवसीय अखिल भारतीय ज्योतिष वास्तु एवं कर्मकांड महा सम्मेलन एवं दैवज्ञ सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के प्रदेशाध्यक्ष तथा अखिल भारतीय ज्योतिष सस के वरिष्ठ गवर्नर आचार्य रामचंद्र शर्मा वैदिक को सम्मानित किया गया. धर्म,ज्योतिष एवं सनातन धर्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं हेतु देशभर के वरिष्ठ ज्योतिष, वास्तु एवं कर्मकांड के विद्वान विशेषज्ञों की उपस्थिति में सारस्वत अतिथि फलित ज्योतिषाचार्य अनिल वत्स, लाल किताब के वरिष्ठ विशेषज्ञ विद्वान जी. डी.वशिष्ठ, हितेश गुरुजी, महामंडलेश्वर प्रेमानंद, विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र महंत एवं शोध संस्थान के डा संतोष भार्गव सहित अतिथि विद्वानों ने शाल, श्रीफल, उत्तरीय,स्‍ वर्ण पदक एवं ज्योतिष विज्ञान के सर्वोत्कृष्ट काल गणना महामनीषी अवॉर्ड से अलंकृत किया.

## हंसदास मठ पर आज 14 सेवादारों का सम्मान

इंदौर. कोरोना काल के पहले से लेकर अब तक पिछले 20 वर्षों से श्मशान घाट पर आने वाले पार्थिव शरीरों को अंतिम संस्कार के लिए तैयार करने में मदद करने वाले शहर के 7 सेवादारों तथा गोशालाओं में रहकर बीमार और बुजुर्ग गायों की सेवा से लेकर गोशालाओं की साफ-सफाई और उनके लिए भूसे-पानी की व्यवस्था करने वाले 7 सहयोगी बंधुओं सहित शहर के एक दर्जन लोगों का सम्मान समारोह रविवार 7 जून को शाम 7 बजे एयरपोर्ट रोड स्थित हंसदास मठ पर श्रद्धा सुमन सेवा समिति की मेजबानी में आयोजित होगा. श्रद्धा सुमन सेवा समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल, राजेन्द्र सोनी एवं राजेन्द्र गर्ग ने बताया कि वे लोग हैं जो गोशालाओं में रहने वाली बीमार और बुजुर्ग गायों, उनके बछड़ों आदि की हर तरह की सेवा में अपना जीवन समर्पित किए हुए हैं.



## चित्त में परिवर्तन करती है रामकथा : पं. शास्त्री

इंदौर. राम कथा चित्त नहीं, चरित्र परिवर्तन की कथा है. राम कथा चित्त में परिवर्तन करती है. चित्त में बदलाव आएगा तो चरित्र में भी आएगा ही. चित्त भगवान की कथा से जुड़ जाए तो 3 घंटे तक संसार याद नहीं आएगा. राम सच्चिदानंद हैं. राम कथा से तन को पुष्टि, मन को तुष्टि और बुद्धि को दृष्टि मिलती है.

ये विचार हैं आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री के, जो उन्होंने शनिवार को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में चल रही श्रीराम कथा में भरत मिलाप एवं वनवास काल के अन्य प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा ने बताया कि कथा शुभारंभ के पहले सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, मुख्य यजमान पुष्पा-अशोक शर्मा, विद्याधाम के आचार्य पं. राजेश शर्मा, कैलाश पाराशर, सुनील भंडारी, गोविन्द शर्मा, राजकिशोर शर्मा आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी भारती शर्मा, सरस्वती शर्मा, पिंकी शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, रश्मि शर्मा, प्रीति दुबे, मोनिका शर्मा, डिंपल शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, खुशबू शर्मा एवं मेघा शर्मा सहित मातृशक्ति प्रकोष्ठ की बहनों ने की.

एक नजर में | मध्य प्रदेश टैक्स कंसल्टेंट्स एसोसिएशन का विशेष सेमीनार

# करदाता को वास्तविक आय ही घोषित करना होगा

**इंदौर. मध्य प्रदेश टैक्स कंसल्टेंट्स एसोसिएशन( एमपीटीसीए )द्वारा अनुमानित कराधान योजना एवं आयकर रिटर्न की सही रिपोर्टिंग विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, टैक्स कंसल्टेंट्स, अधिवक्ताओं, व्यापारियों एवं करदाताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया.**

मुख्य वक्ता अजमेर से आए सीए अंकित सोमानी ने अनुमानित कराधान योजना से जुड़े व्यवहारिक एवं जटिल मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि 2 करोड़ रुपये तक के व्यापार या 24 लाख रुपये तक की प्रोफेशनल आय पर कोई आयकर नहीं देना पड़ता, जबकि यह पूरी तरह सही नहीं है. उन्होंने बताया कि अनुमानित कराधान योजना में निर्धारित लाभ प्रतिशत केवल न्यूनतम सीमा है. यदि किसी करदाता की वास्तविक आय इससे अधिक है, तो उसे वास्तविक आय ही घोषित करनी होगी. अनुमानित कराधान योजना अपनाने का अर्थ यह नहीं है कि करदाता विभागीय जांच या स्क्रूटिनी से पूरी तरह मुक्त हो जाता है. यदि बैंक खातों, जीएसटी रिटर्न, टीडीएस विवरण एवं आयकर रिटर्न में किसी प्रकार की असंगति पाई जाती है, तो विभाग आवश्यक जांच कर सकता है. एमपीटीसीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुमित नीमा ने बताया कि गलत रिटर्न दाखिल करने पर करदाताओं को आयकर विभाग की जांच, नोटिस, ब्याज एवं पेनल्टी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. इसलिए सही एवं तथ्यात्मक जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है. सीए कीर्ति जोशी ने बताया कि छोटे व्यापारियों एवं पेशेवरों के लिए अनुमानित कराधान योजना एक महत्वपूर्ण सुविधा है, लेकिन इसके नियमों की सही समझ होना आवश्यक है.



### भ्रामक जानकारियां की जा रहीं प्रसारित

कार्यक्रम के स्वागत भाषण में इंदौर जोन के चेयरमैन सीए एस .एन . गोयल ने कहा कि सोशल मीडिया एवं विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अनुमानित कराधान योजना को लेकर अनेक भ्रामक जानकारियां प्रसारित की जा रही हैं, जिसके कारण कई करदाता गलत तरीके से आयकर रिटर्न दाखिल कर रहे हैं . धन्यवाद अभिभाषण सीए डॉ अभय शर्मा ने दिया . कार्यक्रम में सीए चर्चिल जैन, आनंद जैन, पीडी नागर, शैलेंद्र पोरवाल, जीबी अग्रवाल, आरएस गोयल सहित बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, टैक्स कंसल्टेंट्स, अधिवक्ता, व्यापारी एवं करदाता उपस्थित रहे।